Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 21-06-2022 | अंक 262

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक मनोज यादव के आवास पर भाजपाइयों ने किया योग

### योग करे निरोग रहे : मनोज यादव ( पूर्व विधायक)



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पटना रोड में स्थित पूर्व विधायक के आवास पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उपलक्ष्य में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य भाजपा नेताओं ने भी योग किया। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा की अंतराष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन वर्ष का बड़ा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाया है। पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर यह दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। साथ ही साथ उन्होंने कहा की ष योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है, संयम और पूर्ति प्रदान करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भूपेंद्र यादव, अशोक यादव नंदकिशोर कुमार, सचिन यादव सहित कई मौजूद थे।

## धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने ग्रामीणों सहित करे योग-रहे निरोग' के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

### नियमित योग शारीरिक और मानसिक अनुशासन का संतुलन बनाता है: राजेंद्र प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने अपने क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। करो योग, रहो नि. रोग के मूलमंत्र के साथ अपने क्षेत्र के लोगों को साथ लेकर विभिन्न योग का अभ्यास किया। इस दौरान करीब एक घंटे तक उपस्थित लोग योग की विभिन्न मुद्राओं से एकाकार होते रहे। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि आज योग के माध्यम से भारत विश्वगुरु होने का गौरव हासिल कर चुका है। योग प्राणायाम से न सिर्फ लोग निरोग रहते हैं बल्कि इससे सामाजिक बुनियाद भी मजबूत होती है। बताया कि आज पूरे विश्व के विभिन्न तबके के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। इस दौरान उन्होंने योग के विभिन्न फायदों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि नियमित योग शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाना जाता है। मौके पर विकाश यादव, दामोदर प्रसाद वर्मा, गुलाम सरवर, नरेश वर्मा, प्रकाश साव, उमेश यादव, तिलक यादव, जागेश्वर साव, महेन्द्र यादव, ब्रहमदेव यादव, जितेन्द्र केशरी, संतोष कुमार, पप्पु कुमार, आशीष कुमार, सतीश कुमार, राजेश ठाकुर, सन्नी कुमार, प्रवीण कुमार, निशांत कुमार आदि ने साथ मिलकर योग किया।

## बरही प्रखंड मैदान में बीडीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड मैदान में बीडीओ सहित बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जीप जिलाउपाध्यक्ष किशुन यादव एवं बरही प्रमुख मनोज रजक ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। वहीं बरही बीडीओ सी आर इंदवार ने योग के बारे जानकारी देते हुए कहा की भारत की पहल पर आज पूरी दुनिया योग की ताकत को समझ गई है। संयुक्त राष्ट्र ने 21 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया है। योग सदियों से से भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा रहा है। जिससे आरोग्य का एक बहुत प्रभावी साधन माना गया है। स्वास्थ्य जीवन के लिए योग बहुत ही जरुरी है, योग शरीर में ऊर्जा का संचार करता है और उसे स्वास्थ्य रखता है। प्राणायाम आसान, योग मुद्राएं करने से शरीर में अ०क्सीजन का संचार बेहतर तरीके से होता है। सदियों पहले भारत में योग की शुरुआत हो चुकी थी। जो की एक शारीरिक, मान. सिक और आध्यात्मिक अभ्यास है, अंतराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगो में योगाभ्यास के प्रति जागरूकता लाने की है। क्योंकि , आजकल शारी. रिक गतिविधि में कमी के कारण लोगो में सुगर, ब्लडप्रेशर इत्यादि की समस्याएं होती है । नियमित कुछ देर योग का अभ्यास करके हम खुद को पूर्ण स्वास्थ्य रख सकते है। मौके पर समा. जसेवी भगवान केशरी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, बरही पूर्वी मुखिया छोटन ठाकुर, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, कृष्णा प्रजापति, बरही पश्चिमी पंसस सदस्य जीतू ठाकुर, मनोज केशरी सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## रेन्बो स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया योग दिवस

### मानसिक और शारीरिक विकास के लिये योगासन करना बेहतर : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



आंठवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेन्बो स्कूल बरही के प्रांगण में योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के कक्षा आठवीं से दसवी के छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ योग किया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने और फायदे बताने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर योगाभ्यास एवं प्राणायाम, पर्वतासन, भु. जंगासन, वृक्षासन, मत्स्यासन, गोमुखासन, ब्रजआसन जैसे अनेकों योगासन एवं अनुलोम –विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम जैसे प्राणायाम अभ्यास किए। योगकर्ता पवन कुमार ने बताया गया कि योग के माध्यम से शरीर के सामंजस्य को ठीक रखा जा सकता हैं। कार्यक्रम की शुरूआत ऊं व गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई। योग पवन कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। निदेशक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने योग से होने वाले शारीरिक, मान. सिक एवं आत्मिक फायदों को गिनाया। उन्होंने कहा कि निरोग रहने का सबसे सहज माध्यम योग है। मानसिक और शारीरिक विकास के लिये योगासन करना बेहतर माना जाता है। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक में गौरी शंकर, राहुल सिंह, प्रवीण कुमार, महेंद्र प्रसाद, उषा कुमारी, सुधा कुमारी, पूजा कुमारी, रिंकी कुमारी, रिफ्फत प्रवीण व शिक्षकेतर कर्मचारी उप. स्थित हुए।

## सड़क दुर्घटना में एयरटेल कर्मी की मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत पंचमाधव के समीप देर रात हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का पहचान मदन प्रसाद उम्र 45 वर्ष पिता मुंगेश्वर बारी औरंगाबाद बिहार के रूप में हुई है। मृतक एयरटेल कंपनी में फिलर के रूप में कार्यरत था और बीते रात वह कुछ काम से पंचमाधव की और जा रहा था इसी क्रम में इनकी रोड के किनारे खड़ी कंटेनर से जा टकराई । जिसमे मदन प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए वही उनके सहयोगियों ने उन्हें इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं बरही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कोल्हुआकला पंचायत सचिवालय में आधार पंजीयन केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत सचिवालय में मुखिया मंगलदेव यादव के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया। वहीं मुखिया मंगलदेव यादव ने कहा की आधार पंजीयन केंद्र के खुलने से इस पंचायत के लोगों के काफी खुशी है। क्योंकि आधार में अगर किसी व्यक्ति की कोई त्रुटि होती थी तो उस त्रुटि को सुधारने के लिए बरही जाना पड़ता था। जिससे लोगो को आने जाने में काफी परेशानी होती थी। परंतु अब कोल्हुआकला पंचायत सचिवालय में आधार पंजीयन केंद्र के खुलने से लोग आसानी से आधार कार्ड में कोई भी त्रुटि को आसानी से सुधार सकते है। मौके पर उपमुखिया प्रतिनिधि राजेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, प्रज्ञा केंद्र संचालक रवि यादव, सकलदेव पासवान, विकास कुमार, सचिन कुमार, अरविंद कुमार, मनोज पंडित, विनोद यादव, रामानंद यादव, लोकनाथ पासवान, ओम प्रकाश सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## एंबीशन अकादमी में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको में संचालित एम्बिशन अकादमी में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । वहीं संस्थान के संचालक अज़हरुद्दीन ने बताया कि यदि योग का प्रतिदिन प्रातः काल किया जाए तो यह आपके लिए बहुत आवश्यक और लाभकारी है। योग मन और शरीर का एक संयुक्त कसरत है जो आपके मस्तिष्क के कार्यों को बढ़ाता है। योग तनाव को कम करता है और आपके शरीर और आत्मा को फिर से जीवंत करता है। योग बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास के लिए फायदेमंद है। मौके पर योगाचार्य पम्मी पासवान, अंजलि पासवान, राबड़ी, हसीना, तबस्सुम, सानिया, सब्बा, रुख्सार, मेहक, सबीहा, रौशनी, अफरोज़ी, निराली, कनिजा, जैनब, सब्बा, नाजमी , आबिद, साहिल, इमरान, राहुल एवं संस्थान के अन्य छात्र मौजूद थे।

## डॉ भीम राव अंबेडकर स्कूल में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित डॉ भीम राव अंबेडकर स्कूल योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का विधिवत शुभारंभ मुख्यअतिथि नव निर्वाचित मुखिया विजय कुमार यादव, योगाचार्य सूरज दास, प्रधानाध्यापक गुलाब कु दास एवं सहयोगी शिक्षकों द्वारा किया गया। योगाचार्य ने योगिंग –जॉगिंग करते हुए,ताड़ासन,वृक्षासन,पादहस्तासन, अर्धउष्ट्रासन, भद्रासन, तितलिआसन, पवनमुक्तासन, मंडूकासन, हस्यासन, सिंहआसन, त्रिकोणआसन, अर्द्धहलासन और साथ ही अनुलोम, विलोम प्रणायाम, बाह्यप्रणायाम,कपालभाती प्रणायाम, भ्रामरी प्रणायाम और दो मिनट का मौन साधना किए। योगाचार्य सूरज दास ने भजन के माध्यम से बच्चों को आध्यत्मिक व बौद्धिक शिक्षा दिए। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मुखिया विजय यादव ने बताया की हमलोगों के लिए योग बहुमूल्य है। इसे हर व्यक्ति को नियमित करना चाहिए। योग करने से लाखों रुपये बचाये जा सकते हैं। जिस बीमारी का इलाज डॉक्टर से भी सम्भव नहीं हैं उसे योग करने से लोग स्वस्थ हो रहे हैं। योग सिर्फ स्कूली बच्चे ही नहीं बल्कि सभी व्यक्ति को करने व अपनाने की जरूरत है। हम पूरे विद्यालय परिवार को बहुत–बहुत धन्यवाद करते हैं कि इस सुदूरवर्ती इलाके में इतना शानदार कर्यक्रम करते हैं और लोगों को जागरूक करते रहते हैं। योगाचार्य सूरज दास ने कहा कि योग से शारीरिक,मानसिक,बौद्धिक,अध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। योग हर तरह के रोग को खत्म करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब कु दास ने योग दिवस पर कहा कि स्वस्थ रहना हमसभी के जीवन के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए स्वस्थ रहना है तो योग को अपनाए। हमें गर्व है कि योग का जन्मदाता भारत है और आज विश्व भर में योग दिवस मनाया जा रहा है। हम स्वस्थ रहेंगे तभी भारत एक स्वस्थ और मजबूत देश बनेगा। मौके पर विद्यायल परिवार के साथ मुख्यअतिथि विजय कुमार यादव, प्रधानाध्यापक गुलाब कु दास, योगाचार्य सूरज दास, शंकर दास, शिव कुमार यादव, प्रवीण कुमार, सकलदेव कुमार, पूजा कुमारी, ललिता कुमारी, पूजा कुमारी, फरजाना खातून सहित सभी बच्चे उपस्थित हुए।

## चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल शिक्षकों और छात्राओं ने योग करके मनाया विश्व योग दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के पुरहारा में संचालित प्रोग्रेसिव स्कूल में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदलाल कुमार पंडित ने छात्र एवं छात्राएं को योग की विशेष जानकारी देते हुए कहा की बच्चों को योग करने के लिए प्रेरित कर नियमित योग करना चाहिए। योग से जटिल से जटिल बीमारी भी ठीक हो जाती है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अपने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योग हमारी प्राचीन पद्धति है। योग हमारे मन में सकारात्मक भाव पैदा करता है। हमें प्रतिदिन अपने लिए थोड़ा समय निकालकर योग करना चाहिए। पूरी दुनिया ने योग के महत्व को माना है। करें योग रहें निरोग। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक– विकाश कुमार, अभिषेक कुमार, राजेश कुमार रवि कुमार, राजेश कुमार,संदीप कुमार, शिक्षिका अनिता कुमारी,कौशल्या कुमारी, पार्वती कुमारी ने बारी–बारी से योग से होने वाले लाभ को मौजूद छात्र एवं छात्राएं को बताए।

## राजकीय बुनियादी विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के पंचमाधव में संचालित राजकीय बुनियादी विद्यालय में शिक्षक एवं छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। वहीं विद्यालय के संचालक संजय दुबे ने छात्रों को योग से संबंधित विशेष जानकारी दिया। कहा की योग हम सभी के लिए प्रतिदिन अतिआवश्यक है। योग से हम जटिल से जटिल बीमारियों को दूर कर सकते है। साथ ही उन्होंने सभी छात्र एवं छात्रों से अपील किया की आप सब भी प्रत्येक दिन योग करे और निरोग रहे। मौके पर पंचायत के नव. निर्वाचित मुखिया नीलम देवी, पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर रविदास, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, उमेश प्रसाद, पंचायत सचिव नेमधारी महतो, सिकंदर प्रजापति, संजय दुबे,मनोज कुमार घोष, सरफराज खान, बिंदिया देवी, सतीश यादव, संयोजिका सुनीता देवी, प्रकाश ठाकुर, योगेंद्र प्रजापति, शिव कुमार, पिंटू कुमार, प्रदीप कुमार, ओम प्रकाश, राजेश कुमार, संटू कुमार सहित विद्यालय के कई छात्र एवं छात्राएं मौजूद थी।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# भाजपा नीत केंद्र सरकार कि हिटलर शाही नीतियों के खिलाफ बरही में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

## राहुल गांधी देश के धरोहर हैं: विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बैनर तले बरही में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार की तानाशाही नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस बीच कांग्रेसियों ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इकबाल रजा व संचालन कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने मोदी सरकार पर सीधा प्रहार करते हुए जमकर बरसे उन्होंने कहा केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर हमारे आदरणीय नेता श्री राहुल गांधी पर प्रवर्तन निदेशालय (ई. डी) की पक्षपात पूर्ण कार्रवाई को कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी आगे उन्होंने कहा भाजपा की निकम्मी सरकार अपने करतूतों से बाज नहीं आई तो कांग्रेस पार्टी बृहद पैमाने पर आंदोलन करेगी। प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा सरकार सेना में भर्ती के लिए अग्नीपथ योजना लाकर देश के लाखों नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। वही कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने कहा भाजपा सरकार के इशारे पर एआईसीसी (अ०ल इंडिया कांग्रेस कमिटी) मुख्यालय में किए गए पुलिसिया जुल्म ब्रिटिश कालीन हुकूमत की याद ताजा कर दी है जो सरकार की दमनकारी नीति को दर्शाता है। उपाध्यक्ष यमुना यादव ने कहा सरकार अपनी नाक. ामी को छिपाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी तोखन रविदास, महिला मोर्चा अध्यक्षा मीना देवी, हरी प्रसाद गुप्ता, रघुनंदन गोप, कुणाल कतरियार, यमुना यादव, बंसी यादव, शरीफुल हक, सुशील केसरी उर्फ नूनू, फिरदोस खान, रघुवीर यादव, कौलेशवर प्रसाद, मनोज रविदास, महेश प्रसाद यादव, सकलदेव पांडे, शमशेर आलम, रियाजुद्दीन अंसारी, निजामुद्दीन, बैजनाथ यादव, मनोज उपाध्याय, मोहम्मद सिराज, राम नारायण यादव, मोहम्मद तय्यब अंसारी, मोहम्मद सरताज, महेश प्रसाद, इसके साथ अन्य कई कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राज्यसभा सांसद खीरू महतो का बरही में हुआ जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जनता दल यूनाइटेड से राज्य सभा सांसद बने खीरू महतो का दिल्ली से लौटने के क्रम में बरही चौक पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। वहीं मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया। राज्य सभा सांसद खीरू महतो ने कहा की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो भरोसा जताया है। उसके लिए वह उनका सदा आभारी रहेंगे। खीरू महतो नेवदावा किया की इसका असर झारखंड में 2024 के विधानसभा चुनाव में देखने को भी मिलेगा। जदयू यहां से ज्यादा सीटें हासिल कर सत्ता समीकरण में बदलाव करेगी। साथ ही उन्होंने कहा की एक झारखंडी भूमिपुत्र को बिहार से राज्यसभा भेजकर नीतीश कुमार ने झारखंड में जदयू को नई संजीवनी दे दी है। अब एक बार फिर जदयू झारखंड में मजबूत बनकर उभरेगी। बता दे की झारखंड में जदयू का संगठन काफी मजबूत माना जाता था। इसके कई विधायक भी जीत कर आए थे, लेकिन बाद ने जदयू का केंद्रीय नेतृत्व झारखंड प्रदेश संगठन को लेकर सक्रिय नहीं रहा। जिसके कारण झारखंड में जदयू कमजोर हो गया। अब प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को राज्यसभा भ. `जकर नीतीश कुमार ने झारखंड जदयू में जान फूंकने की कोशिश की है। मौके पर जदयू हजारीबाग जिला सचिव सत्येंद्र सिंह, भाजपा नेता अंबिका सिंह, तापेश्वर प्रसाद, कैलाशपति सिंह, बद्री यादव, मिथिलेश सिंह, लक्ष्मी साव, दीपक साव, सनी राज सिंह, रौशन सिंह, विशाल सिंह, विजय सिंह, आर के मंडल, दुष्यंत पटेल, हरीओम यादव, पिंटू सिंह एवं गणेश भुइयां सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बरही कोबरा 203 वाहिनी में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पटना रोड में स्थित कोबरा 203 वाहिनी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। वहीं मौके पर मौजूद कोबरा के अधिकारियों ने बताया की योग एक ऐसी प्राचीन विद्या है जो मन और तन को स्वास्थ्य रखने के लिए सर्वोत्तम मानी जाती है। योग के प्रति जागरूक करने के लिए पूरी दुनिया विश्व योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जा रहा है। योग दिवस के मौके पर संदेश यही होता है की योग से खुद को स्वास्थ्य रखा जा सकता है और यही हर तरफ पहुंचाने की कोशिश होती है। यकीनन योग से आप स्वास्थ्य रह सकते है और योग आपके मन और तन को सेहतमंद रखने में पूरी तरह सहायक होता है। मौके पर कमांडेंट राजीव कुमार, उपकमांडेंट बीरेंद्र कुमार खंतवाल, उप कमांडेंट प्रितेंद्र सिंह राजपूत, सहायक कमांडर निर्भय वेदी, सहायक कमांडर महेश चंद बेलाई, सुभाष चंद्र शीला, निरीक्षक जी डी अभिषेक कुमार, निरीक्षक प्रदीप शंकर, निरीक्षक जीडी संजीव कुमार, उपनिरीक्षक, नवनीत कुमार यादव, जीडी धनपत सिंह, जीडी विजय राणा चौधरी, जीडी प्रेम सिंह, ब्रजेश यादव, उम्मेद सिंह, मुकेश शर्मा, सा. पुनिया मुकेश भाई, जो. गिंद्र कुमार, दलवीर कुमार, चालक कमल शर्मा, मिंटू बोरा, धर्मेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार और योगेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## न्यू लिटिल फ्लावर स्कूल में मनाया गया विश्व योग दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईयाधमना पंचायत के छोटकी बरही में संचालित न्यू लिटिल फ्लावर स्कूल में विश्व योग दिवस मनाया गया। वहीं विद्यालय के संचालक बीरेंद्र कुमार ने योग के बारे में विशेष जानकारी देते हुए कहा की योग हम सभी के लिए अतिआवश्यक है। हम सभी को प्रत्येक दिन योग करना चाहिए जिससे हम सभी स्वस्थ रहे। साथ ही साथ उन्होंने सभी छात्र एवं छात्राओं से अपील किया की आप सब भी प्रत्येक दिन योग अवश्य करे।

## कस्तूरबा विद्यालय बरसोत की शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरसोत स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने जैक के द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। इस विद्यालय से कुल 67 विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुई थी। जिसमे 60 प्रथम श्रेणी से एवम 07 द्वितिय श्रेणी से उतीर्ण हुई हैं। 437 अंक प्राप्त कर सिमरन प्रवीण टॉपर रही है। वही 434 अंक लाकर प्रीति कुमारी विद्यालय की सेकंड टॉपर रही है। जबकि 430 अंक लाकर कुसुम कुमारी विद्यालय की थर्ड टॉपर रही है। विद्यालय की शत प्रतिशत उपलब्धि पर विद्यालय की वार्डन नेहा कुमारी, ज्योति वर्मा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफल बच्चियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की कुल 342 छात्राएं दसवां की परीक्षा में हुई थी शामिल, 264 छात्राएं प्रथम श्रेणी में हुए शामिल

### 92.60 : नंबर लाकर नूर आयशा बनी विद्यालय टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही धनबाद रोड में स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की छात्राएं ने इस बार फिर दसवां की परीक्षा में अपना और अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार दसवीं की परीक्षा में कुल 342 छात्राएं शामिल हुई थी। जिसमे 264 छात्राएं प्रथम श्रेणी से सफल हुई है वही द्वितीय श्रेणी से 66 और तृतीय श्रेणी में कुल तीन छात्राएं शामिल है। वहीं ट०प तीन में शामिल होने वाले छात्राएं में प्रथम स्थान नूर आयशा, द्वितीय प्रियंका कुमारी, तृतीय स्थान ऋतु कुमारी शामिल है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविकांत ओम ने बताया की मैं अपनी छात्राओं के प्रदर्शन से विद्यालय परिवार काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## दो अलग अलग पीड़ित परिवारों से मिले पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के खेरौन गांव में 17 जून को हुई वज्रपात से किशोरी सिंह की मृत्यु हो गई थी। इस दुःख की घड़ी में परिवार वाले से मिलने के लिए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पहुंचे। उनके साथ हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रति. निधि गुरुदेव गुप्ता आदि भी उपस्थित हुए एवं पीड़ित परिवार के प्रति दुःख संवेदना व्यक्त किया। मौके पर केदारुत मुखिया विशेश्वर यादव, समाजसेवी भोला सिंह, प्रद्युम्न सिंह, राधेश्याम सिंह, राम अधीन यादव, बीरबल सिंह, उमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, आशीष सिंह, लाटो सिंह, नागेश्वर यादव, सकलदेव यादव, कुमार यदुवंशी, विशाल सिंह उपस्थित रहे। वही खोंड़ाहार पंचायत के उप मुखिया रोहित यादव के दादा चौहन महतो का निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। इस मौके पर भी पूर्व विधायक सहित अन्य लोग पहुच कर पीड़ित परिवार के प्रति दुःख संवेदना व्यक्त किया। जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रति. निधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मुन्ना यादव, मनोज राणा, पिंटू यादव, सचिन यादव आदि उपस्थित रहे।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएससी मान्यता प्राप्त प्लस 2 डिवाइन पब्लिक स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आई.पी.भारती द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि करें योग, रहें नि. रोग ,साथ ही साथ बच्चों व विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्वस्तिकासन, गोमुखासन, योगमुद्रासन, प्राणायाम, कपालभाति ,भ्रामरी प्राणायाम के साथ अन्य आसनों का अभ्यास किया गया। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि योग का अभ्यास हमारे मन को संयमी बनाता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।इस अवसर पर प्रीति प्रभा,मनोहर कुमार सिंह, पुनम कुमारी, संजय कुमार, रविन्द्र गुप्ता, सुलेखा मोदी, भेंट मण्डल, सी वेलु,अशोक कुमार, सबनम,अनिल सर, बिमल किशोर,अलिसबा टुडू,मानती लाकरा समेत शिक्षकगण शामिल थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर आयोजन करे योग रहे निरोग, अशोक वर्णवाल

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा–प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। अंत. रराष्ट्रीय योग दिवस पर शांति निकेतन पब्लिक स्कूल जमसोती में अंजू भारती एवं पिंटू मोदी के द्वारा बच्चों के बीच योग करवाया गया । और योग की विशेषता बताया। वहीं दूसरी ओर योग दिवस पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी बराकर नदी घाट पर योग करते नजर आए। भा. जपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष बासुदेव यादव अपने अपने घर पर योग किया। दूसरी और चलकुशा प्रखंड के जनप्रतिनिधियों के द्वारा चलकुशा पंचायत भवन परिसर में योग करते नजर आए इस मौके पर मुखिया आलोक सिंह, सुखदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि विक्रमादित्य सिंह, रामजीत रजक ,उमेश साव,राज कुमार पंडित, गणेश प्रजा. पति, सरफुद्दीन अंसारी एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## करें योग रहे निरोग–बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखण्ड कार्यालय परिसर में योग शिवीर का आयोजन किया गया मौके पर पतञ्जलि योगपीठ के योगाचार्य महेंद्र प्रसाद ने योग व प्राणायाम के विभिन्न मुद्राएं बताई वही उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा अगर हम सभी योग को दिनचर्या में शामिल कर ले तो धन जन व शरीर को स्वस्थ्य रख सकते है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पतञ्जलि के संस्थापक स्वामी रामदेव के अथक प्रयास से योग को अंत. रराष्ट्रीय पहचान बनी विश्व समुदाय ने योग का लोहा माना व इसे अपनाया आज योग भौतिकवादी युग मे जरूरत बन गयी है योग सभी रोगों का दुश्मन है वही बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा ने कहा करें योग रहे निरोग उन्होंने कहा प्रखण्ड परिसर में प्रत्येक दिन सुविधानुसार योग का संचालन हो इसके लिए योगाचार्य महेंद्र प्रसाद को सहयोग देने की बात कही मौके पर उप प्रमुख सुरजी देवी, सीओ श्रीकांत लाल मांझी, बीईओ अशोक कुमार पाल, ज्ञानदीप दुबे, बीएफटी दिलीप कुमार दास, संजय गुप्ता, संजय लाल, नारायण राम, सीआरपी अनन्त कुमार पांडेय, राजेश कु शर्मा, राहुल गुप्ता, प्रदीप सिंह, राजेश सिंह,टहल प्रसाद, उत्तिम महतो राजेन्द्र प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

## सुदन पंचायत भवन में लगा पेंशन शिविर

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत सुदन पंचायत भवन में पेंशन शिविर को लेकर कैंप का आयोजन किया गया ।कैंप कि अध्यक्षता जिप सदस्य सविता सिंह मुखिया सविता देवी ने की । कैंप के दौरान कई लोग आवेदन जमा किए। सविता देवी ने कहा कि हमारे पंचायत में कोई भी असहाय गरीब व्यक्ति विधवा विकलांग पेंशन से वंचित नहीं रहेगा जो लोग आज आवेदन नहीं जमा कर पा रहे हैं वे लोग बाद में भी हमारे पास या प्रखंड मुख्यालय में भी जाकर जमा कर सकते हैं। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव यादव पंचायत सचिव जुगू महतो रोजगार सेवक सरफुद्दीन अंसारी ,रूपेश कुमार, रामदेव यादव, सुनील पा. सवान,सपना कुमार, विनोद पासवान, रमेश पंडित, गो. विंद यादव, आदर्श यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मृतक के परिजन से विधायक मिलें

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा बेलकपी पंचायत अंतर्गत बंडासिंघा निवासी रोहित राणा की पिछले दिनों मृत्यु हो गयी थी मृतक के परिजनों से मिलने स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने पहुचकर परिजनों को सांत्वना दी उन्होंने कहा वे हरसंभव परिवार की मदद करेंगे किसी भी परेशानी ने 24 घण्टे उपलब्ध है मौके पर मृतक रोहित राणा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए इस दौरान साथ मे जीप प्रतिनिधि सीके पांडेय, पूर्व मुखिया गुड्डी देवी, भा. जपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, अर्जुन राणा, सुरेंद्र नायक, राजकुमार यादव समेत गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे इन सबो ने भी मृतक को श्रद्धांजलि दी ।

## कोलागरमा पंचायत भवन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अंचलाधिकारी ने करवाया शपथ ग्रहण।

**अपेम लाइव डोमचांच**
**सुनिल रजक**



कोडरमा अंचलाधिकारी अनिल कुमार ने कोलगरमा पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रति. निधियों का शपथ ग्रहण मंगलवार को पंचायत भवन में करवाया। इस दौरान कोलगरमा पंचायत से मुखिया पद पर लाखो देवी उपमुखिया पद पर पप्पू कुमार ने शपथ ग्रहण किया। वही इस बीच पंचायत की मुखिया लाखो देवी बोली की पंचायत के लोगों को सरकारी योजनाओ का लाभ दिया जाऐगा। जबकि उपमुखिया पप्पू कुमार ने कहा की जो भी पंचायत में गरीब गुरबा लोग सरकारी योजना से वंचित रह गए होंगे उन्हें विशेष तौर पर लाभ पहुंचाया जाऐगा। पुरे पंचायत का चहुमुखी विकास करके दिखाएंगे। मौके पवन कुमार यादव मुंशी यादव सीताराम यादव मनोज साव प्रभु साव पवन कुमार रतन कुमार नीरज कुमार मिथिलेश कुमार मनोज दास के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के मौके पर पिपराडीह पंचायत सचिवालय में हुआ योग शिविर का आयोजन योग करें, निरोग रहें - कल्याणी देवी

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के मौके पिपराडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया कल्याणी देवी व पूर्व मुखिया धीरज कुमार के पहल पर योग शिविर का आयोजन कर पंचायतवासियों को योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक सतीश राणा व राजेलेश प्रसाद ने अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित योग के कई योग विधि बताएं। मौके पर मुखिया कल्याणी देवी ने नियमित योग करने तथा योग करके अपने शरीर को स्वस्थ रहने रखने की अपील की। वहीं पूर्व मुखिया धीरज कुमार ने कहा कि सरकार के पहल पर सभी पंचायत मुख्यालय में योगाभ्यास कार्यक्रम कराना सराहनीय है। मौके पर उप मुखिया रेशम प्रवीण, वार्ड सदस्य देवेंद्र रजक, मंजू देवी, उमेश रजक, टूकलाल दास, किशोर दास, कुलबीर यादव, महेश राणा, राजेंद्र पंडित, सद्दाम अंसारी, निर्मल दास, जसीम अंसारी, बंटी यादव, रमेश यादव, राहुल राणा हीरामन रजक, सारो देवी, रमेश यादव आदि मौजूद थे।

## जी.एस. पब्लिक स्कूल डोमचांच में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अपेम लाइव डोमचांच**
**सुनिल रजक**




जी.एस. पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर में आये योग गुरु नवीन कुमार और उनकी सहायिका सिमा कुमारी ने बच्चों को योग के महत्व को बताते हुए ये कहा कि हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। दुनिया के तमाम देश योग के महत्व को समझते हुए योग दिवस को मनाते हैं। योग का अभ्यास शरीर और मस्तिष्क की सेहत के लिए फायदेमंद है। योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति भी देता है। भारत में ऋषि मुनियों के दौर से योग होता आ रहा है। योग गुरु ने बच्चों के साथ योग करके प्रत्येक आसन के महत्व को बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंह ने भी बच्चों को योग दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, जो अब विदेशों में भी फैल गया है। योग के विदेशों में प्रसारित करने का श्रेय हमारे योग गुरुओं को जाता है, जिन्होंने विदेशी जमीन पर योग की उपयोगिता और महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने भी बच्चों के साथ योग आसन में अपनी भागीदारी निभाई संबोधित करते हुए यह. कहा की आज विश्व भर में लोग स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास कर रहे हैं। 21 जून को उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे लोग ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के मुताबिक, ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन होता है। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए स्लोगन में यह कहा ि क ष्करे योग रहे निरोगष के साथ शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शामिल उप. निदेशक नीरज कुमार एकेडेमिक हेड महेश कुशवाहा , विद्यालय कोअ०र्डिनेटर सोनी चंदन, अकाउंटेंट गुलाबचंद साह शिक्षक राघव सिन्हा,राजीव रंजन मिश्रा,दीपक मिश्रा,मो.इल्यास अंसारी, शिक्षिका ममता सिन्हा,सना इक़बाल,ललित मेहता,शिव पूजन , सुनील शर्मा, रत्नाकर मिश्रा , जितेंद्र कुमार ,आशीष कुमार, ललित मेहता, दिगंबर पांडे, रामलखन पासवान, मो. नवाज, अनुज सिंहा, रवि कांत रवि,सुशीला कुमारी,नेहा भरतपुरिया,अमिषा कुमारी, काजल कुमारी,अनिता कुमारी,नेहा पंडित, काजल साह, रुबी कुमारी, गुड़िया कुमारी,स्नेहलता सिन्हा, मंजू सिंह, शमा परवीन, लक्ष्मी कुमारी, सुनीता बारा, नैना कुमारी,,नेहा रजक , अंजलि रजक शामिल थीं।

## चंदवारा के आर्यभट्ट अकादमी में मनाया गया योग दिवस

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



अष्टम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर आर्यभट्ट अकादमी पिपराडीह स्टेशन रोड चंदवारा में सरकार के निर्देशानुसार के अवलोकन मे योग्य दिवस मनाया गया जिसमें उप. स्थित माननीय लोग में चंदवारा पश्चिमी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा योग्य शिक्षक के रूप में मनोज कुमार राणा एवं आर्यभट्ट एकेडमी के प्रधानाध्यापक श्री मृदुल पांडे तथा शिक्षक गण श्री अरुण कुमार पांडे पिंटू कुमार कुशवाहा ललन कुमार पांडे तानिया प्रवीण नीतू कुमारी चंदवारा पश्चिमी वार्ड सदस्य के प्रतिनिधि नंदू कुमार शर्मा वार्ड नं-04 के रतन पासवान बबलू रजक एवं बच्चों के अभिभावक में नकुल सोनी प्रमोद सोनी संजय सोनी प्रदीप सोनी विनोद दास आदि उपस्थित थे।

APEM
LIVE

## चिल्ड्रेन कोचिंग सेंटर में मनाया गया विश्व योग दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में संचालित चिल्ड्रेन कोचिंग सेंटर में विश्व योग दिवस मनाया गया। वहीं मौके पर कोचिंग के संचालक दीपक कुमार ने बताया की योग हम सभी के लिए अतिआवश्यक है। आज योग से सैकड़ों बीमारियां दूर हो रही है। वही उन्होंने सभी से अपील किया की आप सभी नियमित रूप से योग करे और निरोग रहे। मौके पर हिमांशु कुमार, सुधांशु कुमार, क्रिस कुमार, प्रिंस कुमार, शिवम कुमार, विशाल कुमार, नीरज कुमार, लक्ष्मी कुमारी, छाया कुमारी, साक्षी कुमारी, निभा कुमारी, स्मृति कुमारी सहित कोचिंग के अन्य कई छात्र मौजूद थे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जैक परीक्षा फल घोषित, हाई स्कूल बरियठा के छात्र छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत हाई स्कूल बरियठा के छात्र – छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र – छात्राओं में प्रथम स्थान सुमन कुमारी (92.6) द्वितीय संदीप कुमार (92.0) तृतीय स्थान सुलेखा कुमारी (89.0) दयानंद कुमार (88.8) अम. रजीत कुमार (87.6) रोहित कुमार (86.6) नितेश कुमार (86.0) सुमन कुमारी (84.2) सन्नी कुमार ( 83. 26) और पूजा कुमारी (83.4) प्राप्त किया है

**बेहतर मार्गदर्शन के कारण परिणाम रहा बेहतर** : परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार भारती ने कहा की यह विद्यालय, विद्यालय प्रबंधन कमेटी के द्वारा संचा. लित किया जा रहा है। उन्होंने कहा की बच्चो को बेहतर परिणाम का श्रेय छात्र छात्राओं के कड़ी मेहनत, विद्यालय प्रबंधन कमिटी द्वारा विद्यालय को समय समय पर मिला बेहतर मार्गदर्शन एवं विद्यालय के समर्पित शिक्षक शिक्षिकाओं का प्रतिफल है।

संसाधनों के अभाव के बावजूद बेहतर परिणाम रु विद्यालय के प्रधानाध्यापक परीक्षा घोषित होने के बाद कहा की विद्यालय में अभी भी मूलभूत संसाधनों की कमी है। हालांकि इसके बावजूद परिणाम बेहतर रहा। यदि स्थानीय जनप्रतिनिधि विद्यालय के मूलभूत जरूरतों पर ध्यान दे तो मल. कोको, चतरो एवं बेलादोहार के बच्चे वर्ग नर्सरी से दसवीं तक की पढ़ाई करते आ रहे है।

**पूर्वर्ती छात्र छात्राएं विभिन्न क्षेत्र में दे रहे है विशेष योगदान** : विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा की इस विद्यालय के कई पुरवर्ती छात्र छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा पास कर विभिन्न विभागों में अपना योगदान दे रहे है।खुशी की बात यह है की हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में कई पदों पर इस विद्यालय के जनप्रतिनिधि के रूप में विभिन्न पदों पर विजयी हुए है।

## गिरिडीह स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि परिवार की ओर योग शिविर आयोजित

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज मंगलवार 21जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गिरिडीह स्टेडियम में पंतजलि परिवार गिरिडीह की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर की शुरुवात गिरिडीह के सुप्रसिद्ध उद्योगपति गुणवंत सिंह मोगिया, नगर निगम गिरिडीह के उप महापौर प्रकाश राम, जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार, पतंजलि जिला प्रभारी नवीन कांत सिंह द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्व. लित कर किया गया। जिसके पश्चात नवीन कान्त सिंह के नेतृत्व में अलग–अलग प्रकार के योग कराए गए। योग गुरु नवीनकांत सिंह ने योग शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है जो शरीर को रोगों से वंचित रखता है। प्रत्येक दिन योग करने से हमारे अंदर एक प्रकार की अलग अनुभूति और ऊर्जा की प्राप्ति होती है। हम सब को योग अपनाकर जीवन भर आरोग्य रहना है। योग एक ऐसा माध्यम है जो पूरे शरीर में चेतना का विकास करती है। इसीलिए हर मनुष्य को योग को अपनाकर प्रत्येक दिन प्राणायाम करना चाहिए। योग शिविर में जिले के अधिकारियों समेत आम जनता के साथ साथ जी डी बगेडीया टीचर ट्रेनिंग सेंटर व अन्य विद्यालय के स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



।आजादी के अमृत महोत्सव पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।योगाचार्य प्रसून सिंह की अगुवाई में भैया– बहन,आचार्य– दीदी ने योग कार्यक्रम में भाग लिया।मौके पर बहनों द्वारा योग गीत और योग नृत्य प्रस्तुत किया गया।

प्रधानाचार्य शिवकुमार चौधरी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान दिनचर्या में अपने जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प लेना चाहिए। योग हमारे लिए शांति लाता है और शरीर को स्वस्थ रखता है। साथ ही योग से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक बीमारियां दूर होती है,मानसिक ऊर्जा में वृद्धि होती है।

## करसो निवासी अतुल कुमार ने दसवां के परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, लोगो ने दिया बधाई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के अतुल कुमार ने दसवां की परीक्षा में 424 अंक लाकर अपना पंचायत का नाम रौशन किया है। इसका उत्कृष्ट प्रदर्शन से पंचायत में खुशी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतुल कुमार करसो पंचायत के युवा समाजसेवी सचिन यादव के भाई वही उनके भाई ने बताया की अतुल शुरुआत से ही पढ़ने में अच्छा रहा है । जिसके कारण आज इसका परिणाम इतना सुंदर आया है। वहीं परिणाम आने के बाद परिजन बधाई देते नही थक रहे है।

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## बिरसा बाल निकेतन टाटोकियारी बजटों में मनाया गया योग दिवस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



बिरसा बाल निकेतन टाटोकियारी , बजटो में विश्व अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें हमारे विद्यालय के सभी बच्चें एंव शिक्षकों ने भाग लिया जिसमें योगा दिवस के शुभवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री परमेश्वर प्रसाद वर्मा ने बच्चों से कहा है कि योग करने से मन , शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है इसलिए रोज प्रातः उठकर योगाभ्यास करने से कई तरह की बीमारियों से हम बच सकते हैं और हम स्वस्थ रह सकते है इसपर बच्चों ने कहा और संकल्प लिया कि अब रोज सुबह हमलोग उठकर योगा करेंगें विश्व योगा दिवस में विधालय के सहायक शिक्षक राहुल कुमार , दीपक कुमार , पवन , टुपलाल , अनुराधा , पूनम ,आदि लोगों ने भाग लिया

APEM LIVE

## विश्व योग दिवस के अवसर पर बाल विकास विद्यामंदिर विद्यालय डबरसेनी चौक के द्वारा बच्चों को योग करवाया गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बरनी प्रखंड अंतर्गत डबरसेनी चौक में अवस्थीत बाल विकास विद्यालय मंदिर विद्यालय में 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर बच्चों को योग करवाया और इनके फायदे बताए गए, बता दें कि इस विद्यालय के योग शिक्षक सह प्रधानाध्यापक मुन्ना कुमार साव बहुत हीं बारीक से एक एक योग के फायदे बताए, इस दौरान सबसे पहले सूर्य नमस्कार करवाया गया फिर अनुलोमविलोम, कपाल भाती, मन्डूकाशन और सिरसासन आदि का अभ्यास करवाया करावया गया, मुन्ना सर ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए, विद्यार्थियों को इससे नई ऊर्जा मिलती है, शारीरिक तथा बौद्धिक विकास होती हैं, कहा कि यदि योग को अपना लिया जाय तो लोग पूरी तरह से निरोग हो सकता है, डायरेक्टर पंकज सर ने कहा कि् एक ओर जहाँ भारत में योग का उत्पति हुआ, यहाँ योग का महत्व नहीं देते हैं वहीं विदेशियों के द्वारा इसे अपनाया जा रहा है।

इस दौरान विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार, विशाल कुमार बर्मा,संजय कुमार बर्मा, बिनोद कुमार, नागेश्वर कुमार, अभिषेक कुमार, रवि पांडे शिक्षिका मंजू देवी आदि सभी शिक्षक उपस्थित रहे वही बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत दिव्य अकेडमिक आवासीय विद्यालय बिरनी में विश्व योग दिवस के अवसर पर बच्चों को योग करवाया गया और योग करने के फायदे बताए गए, जहाँ एक और 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर पुरे विश्व में योग दिवस मनाया गया वहीं दिव्य आवासीय विद्यालय बिरनी में भी योग करवाया गया, बता दें कि इस दिन वद्यार्थियों को योग शिक्षक सह प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार न अनुलोमविलोम,कपालभाती, सिरसासन आदि योग करवाया और इनके फायदे बताए। शिक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि इस विद्यालय में नियमित रूप योग करवाया जाता है, जिससे बच्चों में बौद्धिक तथा शारीरिक क्षमता का विकास होती है, कहा कि यदि विश्व को महामारियों, रोगों से बचाना हैं तो योग को अपनाना होगा. डायरेक्टर मुन्ना कुमार साव ने कहा कि यदि नि. रोग रहना हैं तो योग करना हीं होगा। इस मौके पर विद्यालय के सस्थापक नविन मोदी, शिक्षक दीपक कुमार, अर. विंद कुमार अभिषेक कुमार,शिक्षिका बप्पी पल्लवी, कविता मोदी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जिला परिषद् सदस्यों और अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह के पपरवाटांड़ स्थित नए समाहरणालय भवन के सभागार कक्ष में 20जून सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिन के दस बजे से शाम 06.45बजे तक गिरिडीह जिला के 46जिला परिषद् सदस्यों को उपाउक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथग्रहण के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन मतदान द्वारा किया गया जिसमे जिला परिषद अध्यक्ष पद पर मुनिया देवी ने 26मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रीता देवी 20मत प्राप्त को कुल छः मतों से पराजित कर जीत दर्ज किया। उपाध्यक्ष पद पर छोटेलाल यादव ने 23मत लाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी विनय शर्मा 12मत और उस्मान अंसारी 11मत को पराजित कर 11मतों से जीत दर्ज किया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को जीत का प्रमाण पत्र निर्वाची पदाधिक. ारी सह उपायुक्त ने दिया और पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शुभकामना और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा देर रात तक। जमकर उड़े अबीर गुलाल खूब बजे सुन चंपा सुन तारा। प्राप्त जानकारी अनुसार 2010केपंचायती चुनाव में जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी पति मृगांक कुमार उर्फ कोलेश्वर वर्मा और उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने कार्यकाल पूरा कर चुका है। जीत के बाद मुनिया देवी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि मैं अपने कार्यकाल के सारे अधूरे कार्य को पूरा करूंगी। जल, सड़क, बिजली और शिक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी मीडिया कर्मी को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता आधिकारी और मीडिया का सहयोग अपेक्षित है।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने योग दिवस को बड़े उत्साह और उलास के साथ मनाया। कार्यक्रम तीन अलग-अलग परियोजना स्थानों पर आयोजित किया गया था। हजारीबाग में स्थित मौलाना आज़ाद इंडोर स्टेडियम, लंगातु एवं सीकरी साइट कार्यालय आयोजित किया गया ।ज. हां एसआईएसएफ कर्मियों ने भाग लिया ।इस वर्ष का विषय ष्मानवता के लिए योगष है जिसे आयुष मंत्रालय द्वारा तय किया गया है। परियोजना के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव मौलाना आजाद इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि थे, जिनका स्वागत आनंद अग्रवाल (एजीएम, आईटी) ने किया। मौके पर श्रीवास्तव ने कहा, ष्भारत में 5 वीं शताब्दी से अभ्यास किया जाने वाला योग तन और मन को स्वस्थ रखने में लाभकारी रहा है ।एक समग्र दृ ष्टिकोण, योग सभी विभिन्न शरीर और मन प्रणालियों को लक्षित करता है ।ऐसा कहा जाता है कि आसन शरीर को मजबूत और लचीला बनाते हैं, जिससे स्वास्थ्य में सुधार होता है ।पतंजलि के योग प्रशिक्षक इंद्रजीत पांडेय ने योग के विभिन्न लाभों के बारे में बताया और सभी कर्मचारियों से योग का अभ्यास करते रहने का आग्रह किया। क्योंकि यह स्वस्थ और तरोताजा रहने में मदद करता है ।इस अवसर पर पर्यावरण विभाग के अप. रमहाप्रबंधक बीरेंद्र कुमार, मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक मोहित कोतवाल , अरुनभ मुखर्जी एवं अन्य सभी अधिकारी, अधिकारी के परिवार के सदस्यों, एसआईएसएफ गार्डो और डीजीआर गार्डो की सामूहिक भागीदारी देखी गई।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया सामूहिक योग्याभ्यास

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विष्णुगढ़ में कई जगहों पर सामूहिक योग्याभ्यास किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए पौ फटते ही लोग जुटने लगे थे। आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल, गुरुग्राम पब्लिक स्कूल, केएसएसडीएम पब्लिक स्कूल के अलावा विष्णुगढ़ इंटर क०लेज परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने योग का अभ्यास किया। विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में बड़ी संख्या में योग शिक्षक सुमन कुमार एवं रौशन पांडेय के सानिध्य में सैकड़ों लोगों ने योग एवं प्राणायाम के विभिन्न आसनों में मंडूकासन, वृक्षासन, उत्तपादासन, चक्रासन, शवासन समेत कई आसनों का अभ्यास किया। योग शिक्षक सुमन कुमार ने बताया कि योग से काया निरोग रहता है। स्वस्थ काया में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में लोग अपने लिए एक घंटे का समय अपने शरीर के लिए लगाएं। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और सभी रोग भी दूर होते हैं। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। मौके पर राजवीर वैद्य, उपमुखिया रीना देवी, रीना बर्मन, अशोक बर्मन, नवलकिशोर वर्मा, राजेन्द्र सिंह, गुरु प्रसाद साव, अरविंद लाहकार, अनुराग बर्मन, सुनील अकेला, प्रो. ओमक. ारनाथ शर्मा, वरुण शर्मा, हीरामन महतो समेत कई लोग शामिल थे।

## आदर्श मध्य विद्यालय में योगा कार्यक्रम का आयोजन



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव :: प्रखंड अंतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय बड़का गांव में 8वीं विश्व अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान योगा से शारीरिक एवं मान. सिक विकास से संबंधित बातों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया। योगा कार्यक्रम में बच्चों के साथ अभिभावक एवं योगा से संबंधित ज्ञान रखने वाले लोगों ने बड़ी दिलचस्पी के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज की। योग गुरु रवि कुमार रवि ने बच्चों के बीच अपनी बा. तों को रखते हुए कहा कि योगा ऐसी विधा है जिसे अपनाकर मानो अपने संपूर्ण जीवन में निरोग को प्राप्त कर सकता है। असाध्य रोगों का इलाज योग के माध्यम से संभव हो पाया है। योगा से अपनी दिलचस्पी रखने वाले संतोष ठाकुर, निरंजन कुमार एवं इंगलेश सोनी ने भी विद्यालय के बच्चों के बीच अपने अनुभव साझा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, शिक्षक चेतलाल राम, विनोद रजक, हेमेंद्र कुमार, दीपक कुमार राणा, वीणा साहू, नीलू कुमारी, हुस्ने आरा, निगार सुलताना, मुनेश कुमार राम, रामवृक्ष राम, कार्तिक कुमार सोनी, कमलेश कुमार श्रीवास्तव, संजय राम, राजू कुमार, देवेंद्र कुमार, तुलसी महतो, शकुंतला कुमारी, रजनी कुमारी, पुष्पा कुमारी, बसंती देवी, देवनाथ कुमार, मो0 जमशेद अंसारी, नकुल महतो के साथ-साथ कई अभिभावक एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## एम्बिशन पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ प्रखंड के चेडरा स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास करवाते हुए विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि अगर शरीर, मस्तिष्क और आत्मा को नियंत्रित रखना है तो जीवन में योग को नित्य जरूर अपनाए क्योंकि नियमित योगाभ्यास करने से शरीर और मस्तिष्क दोनों स्वस्थ रहता है। यह तनाव और चिंता को दूर कर मनुष्य को निरोग बनाता है। नियमित योग हमारे शरीर के प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बढ़ाता है। इसलिए आइये हम सभी प्रतिदिन योग करें। बीमारियों को दूर भगाएं और अपने शरीर को स्वस्थ रखें और दूसरों को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर उपस्थित योगा ट्रेनर निशा कुमारी और रो. हित कुमार वर्मा ने योग सिद्धांतों के बारे में बताते हुए कहा कि योग मूलतरू आठ सिद्धांतों (यानी आठ अंगों) पर निर्भर है। इन आठ अंगों का उद्देश्य स्वरू प्रबोधन पर है और ये विशुद्ध रूप में योग का अभ्यास करने की रूपरेखा तैयार करते हैं। हरेक अंग योग के विशिष्ट पहलू की व्याख्या करता है। कहा जाता है कि आपके मन को शांति देने, शरीर को मजबूती देने और प्रबोधन का मार्ग प्रशस्त करते हुए आपकी आत्मा को शुद्ध करने के लिए योग के सभी आठों अंग मिलकर काम करते हैं। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार मंडल, उपप्राचार्य कृ ष्ण कुमार वर्मा, सुशांत कुमार पाठक, शशि सुमन, कुणाल गोस्वामी, आकाश कुमार, राजेश कुमार रजक, रूपाली देवी, सुष्मिता प्रिया, वीणा सिन्हा, लक्ष्मी कुमारी, कोमल कुमारी, प्रिया दुबे, खुशबू कुमारी, कांति देवी के अलावा विद्यालय के सभी

## विज्ञान में झारखंड कॉलेज बड़कागांव के छात्रा कुमारी सोना दास बनी प्रखंड टॉपर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड कॉलेज बड़कागांव के छात्रा कुमारी सोना दास ने 420 अंक लाकर बड़कागांव प्रखंड ट०पर बनी ।क०लेज अधिकांश विद्यार्थी प्रथम स्थान लाकर क०लेज का परचम लहराया ।बताते चलें कि टिंकू कुमार 414 अंक, स्नेहा कुमारी 410, अंजली कुमारी 408, रोहन कुमार 405, बादल कुमार 402, शिखा कुमारी 395, बिपिन कुमार 388, सुद. ेश कुमार 387, रंजीत कुमार 386,लोकनाथ कुमार 383, चंदन कुमार 381, अजय कुमार 378, परिणीता कुमारी 375, शिफा नाज 337, आशाब आलम 370 आदि ने प्रथम स्थान लाया वहीं एवं मात्र 2 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।इस बेहतर परिणाम से क०लेज के प्राचार्य बिनोद यादव , सचिव श्याम सुन्दर तिवारी एवम निद. ेशक एवम एमडी शमशेर अंसारी, प्रोफेसर अजय पटेल, सतनारायण साव, रंजीत कुमार,एमडी मुद. स्सर, विनोद कुमार साव,किरण कुमार ने सभी विद्यार्थी को उज्जवल भविष्य की कामना की और शुभकामना दिया है।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## केंद्रीय कारा सहित अन्य स्थानों पर मनाया गया अंतराष्ट्रीय योगादिवस

### हजारोलोगों ने किया योग,बराबर योग करने का लिया निर्णय

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




हजारीबाग :– जय प्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार हजारीबाग में कैदियों ने किया योगाभ्यास

जय प्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार हजारीबाग में योग प्राणायाम कराया गया।जेल परिसर के अंदर हजार से ऊपर की संख्या में कैदियों ने आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का आनंद लिया।मुख्य अतिथि श्री कुमार चन्द्रशेखर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन योग करने की आवश्यकता है।कल से कम–से–कम एक महीने तक सभी लोग प्रतिदिन योग करें।इसके बाद यह स्वतरू आपकी आदत में शुमार हो जायेगा. ।इसके लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी।वहीं इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री बबलू गोप ने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग से सिर्फ तन ही नहीं मन और भावनायें भी स्वच्छ होती है।भले ही अभी आप जेल में हैं परंतु यह शरीर आपका है,इसे स्वस्थ रखें।योग को अपना जीवन शैली बनायें। दवाइयां खाने से बेहतर है कि योग करें और निरोग रहें।इस कार्यक्रम को दि आर्ट अ०फ लिविंग के योग प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी, प्रमोद कुमार सिन्हा वोलंटियर तन्मय सोनी एवं आयुष राज ने संचालन किया।

स्टेट बैंक अ०फ इंडिया, हजारीबाग,मुख्य शाखा में योग दिवस का आयोजन स्टेट बैंक अ०फ इंडिया हजारीबाग की मुख्य शाखा में योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सभी कर्मियों ने प्रोटोक०ल के अनुसार आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया।योग को प्रतिदिन के दिनचर्या में शामिल करने के संकल्प के साथ सभा का समापन हुआ।इस अभ्यास सत्र में मुख्य प्रबंधक सी एम पी सिंह,सुजीत सिंह,मैनेजर एच आर मनीष कुमार,डिप्टी मै. नेजर दीपक दूबे,राकेश प्रसाद,शशि तिग्गा,विजय राम आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रेत्रीय प्रबंधक शैलेश कुमार ने कहा कि काम के साथ चेहरे पर मुस्कान हो इसके लिए नित्य दिन योग ध्यान करें। अपने शरीर और मन को स्वस्थ रखें। योग सिर्फ एक औपचारि. कता न होकर हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। शिविर का संचालन योग प्रशिक्षक तारकेश्वर सोनी, वोलंटियर आयुष राज एवं तन्मय सोनी ने किया।

जैन मिडिल स्कूल बाडम बाजार में योग शिविर का आयोजन

दि आर्ट अ०फ लिविंग के बैनर तले जैन मिडिल स्कूल बाडम बाजार में बच्चों एवं अध्यापकों ने आसन, प्राणायाम और ध्यान का अनुभव किया।स्कूली बच्चों ने पूरे मनोयोग से इस सत्र का आनंद लिया। शिविर का संचालन गीता अग्रवाल एवं अनिता गुप्ता ने किया।

## डॉ राखी सिन्हा द्वारा योग शिविर सम्पन्न

### योग केवल शारीरिक ब्यायाम नहीं बल्कि आत्मा का मिलन परमात्मा से है : डा राखी

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

हजारीबाग :– आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इंटरनेशनल नैचुरोपैथी अ०र्गेनाइजेशन (INO) एवं सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयुष मंत्रालय के सहयोग से 32 राज्यों के 400 जिलों में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 का आयोजन किया गया जिसके तहत झारखंड के हजारीबाग , कोडरमा , चतरा और गिरिडीह जिले में कई जगहों पर छ के राज्य सहसंयोजक डॉ राखी सिन्हा के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया । मौके पर उपस्थित योगारथियो को सम्बोधित करते हुए डा राखी सिन्हा ने कही की योग केवल शारीरिक ब्यायाम नहीं है बल्कि इससे आत्मा और परमात्मा का मिलन भी है।

जिसमे आयोजक के रूप में रेणु कुमारी , संजुक्ता गुप्ता , ड०ली केसरी , वर्षा डे , अर्चना सिंह , सीमा कुमारी, मधुबाला , अंजू , एकता , लक्ष्मि, नूतन कुमारी , पी के सिन्हा , रविन्द्र कुमार , ज्ञानोदय कुमार, उपेन्द्र कुमार दुबे , रंजीत कुमार सिन्हा ,

अजय कुमार , विकास कुमार , शत्रुंजय कुमार , सत्य प्रकाश इत्यादि शामिल थे।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड कार्यालय सहित सभी विभागों ने मनाया अंतराष्ट्रीय योगा दिवस

### योग से मानव के शरीर के साथ साथ स्वांस की बीमारियों से भी मिलता है निजात : बी डी ओ

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : अंतराष्ट्रीय योगादिवस के मौके पर प्रखण्ड कार्यालय सहित कई सरकारी एवं गैरसरक. ारी संस्थानों में योग शिविर का आयोजन किया गया।लोगो ने योग किया और योग से होने वाले लाभ की भी जानकारी ली।प्रखण्ड कार्यालय में बी डी ओ हुलास महतो के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें सभी प्रखण्ड कर्मियों ने भाग लिया, इन सभी कर्मियों को बी डी ओ हुलास महतो ने कहा कि योग से शारीरिक कसरत के साथ साथ स्वांस सम्बंधित रोगों से भी निजात मिलती है।वही सभी विद्यालयों में निजी संस्थानों एवं सार्वज. निक स्थानों पर योग शिविर का आयोजन करवाया गया।भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह के टीम के साथ योग किया और कहा कि योग नित्य करने वाली शारीरिक बय्याम है,इसे बराबर करने से लोग निरोग रहेंगे।मौके पर निरजंन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखण्ड कार्यालय कान्हाचट्टी में हुआ विकलांगता शिविर का आयोजन

### सैकड़ो विकलांग को मिला विकलांग प्रमाणपत्र तथा उपकरण

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : प्रखण्ड कार्यालय में मंगलवार को निःशक्तों के लिए विकलांग शिविर का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारि हुलास महतो ने किया।शि. विर में प्रखण्ड के सभी दस पंचायतों से सैकड़ो की संख्या में विकलांग लोग अपना विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने एवं विकलांग उपकरण लेने पहुंचे थे।शिविर में उप. स्थित लोगों को बी डी ओ ने कहा कि उपायुक्त अंजली यादव के निर्देशानुसार यह शिविर का आयोजन कराया गया है।जो विकलांग प्रमाणपत्र बनवाने के लिए आज तक चतरा नहीं जा सके थे वे विकलांग आज प्रखण्ड कार्यालय में पहुंच कर शिविर में अपना विकलांग प्रमाणपत्र बनवाया और विकलांग उपकरण भी प्राप्त किया।मौके पर ड०क्टर की टीम भी मौजूद थी।एवं कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी भी मौजूद थे।

के सी सी ऋण हेतु कैम्प का किया गया निरीक्षण : बी डी ओ हुलास महतो ने के सी सी ऋण के लिए प्रखण्ड में जे एस पी एल एस के द्वारा लगाए गए ऋण हेतु फार्म भरवाने के लिए लगाए गए कैम्प का निरीक्षन किया।निरीक्षण के दौरान बी डी ओ ने सभी पंचायत सेवक,किसान मित्रो एवं अन्य कर्मियों से कहा कि किसी भी स्थिति में प्रत्येक पंचायत से ज्यादा से ज्यादा किसानो को के सी सी का लाभ दिलवावें।

